# Mentor Mentee programme in Department of Psychology Maharaj Balwant Singh PG College Gangapur Varanasi session ( 2025-2026)

मेंटर एवं मेटी प्रोग्राम आयोजन के अंतर्गत महाराज बलवंत सिंह पी०जी० कॉलेज गंगापुर, वाराणसी में मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० शैलेन्द्र कुमार सिंह जी एवं सहायक प्राध्यापिका डॉ० माधवी श्रीवास्तव एवं डॉ० अजय कुमार कुशवाहा द्वारा विभिन्न विषयों के छात्र एवं छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण एवं व्यावसायिक चयन, फील्ड विजिट एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करना एवं प्राथमिक डाटा का संग्रह के लिए दिशा निर्देशन किया गया ।






Meet to mentor In PG II semester
Psychology Students Representative



तथा मानसिक स्वास्थ्य दिवस 10 अक्टूबर 2025 के

थीम *Access to Services –( Mental Health in Catastrophes and Emergence) के अवसर पर*

## सफलता के लिए जरुरी है मानसिक स्वास्थ्यः प्रो. कश्यप



**वाराणसी जनवार्ता)।** रोहनिया में महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज, गंगापुर के मनोविज्ञान विभाग में 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती और संस्थापक महाराज जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। विभाग प्रभारी प्रो. डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता के रूप में समाजशास्त्र विभाग के प्रोफेसर आलोक कुमार कश्यप ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जीवन में सफल होने के लिए शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य का अच्छा होना अति आवश्यक है। व्याख्यान के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी जिज्ञासाएं वक्ताओं के समक्ष रखीं, जिनका समाधान प्रो. कश्यप और डॉ. सिंह द्वारा संतोषजनक तरीके से किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच एक पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मनोविज्ञान विभाग की डॉ. माधवी श्रीवास्तव, डॉ. अजय कुमार कुशवाहा और प्रयोगशाला सहायक श्री विजयलक्ष्मी सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

***महाविद्यालय के समाजशास्त्र*** **विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० आलोक कश्यप द्वारा मुख्य वक्ता के रूप में समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता का मनोवैज्ञानिक प्रभाव को मेंटर के रूप में निर्देशन प्राप्त हुआ।**

[redacted]

# मानसिक स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण संगोष्ठी, छात्रों को मनोचिकित्सीय सहायता लेने के लिए किया जागरूक




पूर्वांचल राज्य

**रोहनिया।** वाराणसी के महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज गंगापुर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उच्च शिक्षण संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य और छात्र आत्महत्या की रोकथाम पर केंद्रित था। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और महाविद्यालय के संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। मनोविज्ञान विभाग प्रभारी प्रोफेसर डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कार्यक्रम का विषय प्रवर्तन किया।मुख्य वक्ता डॉ. रवि कुमार, डॉ. राम मनोहर लोहिया पीजी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर ने छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य की तुलना में मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता पर प्रकाश डाला।

डॉ. कुमार ने संयुक्त परिवार की भूमिका और अकेलेपन से उत्पन्न तनाव, अवसाद एवं मानसिक विकृतियों पर विशेष चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संबंधित प्रश्नों का समाधान भी किया।

कार्यक्रम में प्रो. मंजू मिश्रा, प्रो. आलोक कुमार कशयप, डॉ. आशा सिंह और डॉ. अर्चना सिंह सहित कई प्रतिष्ठित शिक्षक मौजूद रहे। डॉ. अभिषेक अग्निहोत्री ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



[redacted]

मनोविज्ञान विभाग द्वारा विशेष व्याख्यान के अंतर्गत डॉ० राममनोहर लोहिया पी०जी० कॉलेज भैरोतालाब , वाराणसी । से डा० रवि कुमार द्वारा आत्म हत्या रोक थाम एवं जागरूकता पर समस्त छात्र एवं छात्राओं को निर्देशन दिया गया।

दिनांक 13.03.2026 को महात्मागांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी मनोविज्ञान विभाग से मुख्य अतिथि प्रो० शैफाली वर्मा ठकराल द्वारा विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने एवं प्राथमिक डाटा की उपयोगिता पर निर्देशित किया गया।





मार्च 13.04.2026 मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं सहायक प्राध्यापिका डॉ० माधवी श्रीवास्तव जी एवं सहायक अध्यापक डॉ अजय कुमार कुशवाहा द्वारा शोध प्रपोजल प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर प्रस्तुतीकरण किया गया



22.04.2026 को मनोविज्ञान विभाग द्वारा अन्य कॉलेज (अर्जुन सिंह महिला महाविद्यालय ) के स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को मनोविज्ञान विषय की उपयोगिता एवं जीवन में  महत्व को निर्देशित किया गया


दिनांक 22.04.2026 को मनोविज्ञान विभाग द्वारा अन्य कॉलेज के
स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को करियर काउंसिल एवं विषय की
उपयोगिता पर निर्देशित किया गया